दिनांक : 18.09.2025 समय : 02.10pm

## जबलपुर मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के 168वें बलिदान दिवस पर जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। मुख्यमंत्री ने करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से बने शहीद शंकर शाह-रघुनाथ शाह संग्रहालय का भी भ्रमण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्म को सार्थक करने वाली शहादत मौत नहीं होती, अमर कर देती है। इस अवसर पर पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड मुख्यालय में बड़वारा और विकासखंड रीठी में नवनिर्मित सांदीपनि स्कूल भवनों के लोकार्पण सहित 233 करोड़ 82 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। डॉ. यादव यहां 106 करोड़ 18 लाख रूपये के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127 करोड़ 64 लाख रूपये के 14 विकास कार्यों का भूमि–पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के विभिन्न घटकों को प्रदर्शित करने वाले क्रियाकलापों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## सेवा पर्व - कृषि

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - "सेवा पर्व" में, हम आपके लिए लाए हैं कि कैसे मोदी सरकार ने कृषि में परिवर्तन लाया है और किसानों को सशक्त बनाया है।

## सेवा पखवाड़ा

प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम, में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल रक्तदान शिविर और खिलाड़ियों द्वारा सेवा कार्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। "ग्वालियर जिले में बाल भवन में सेवा पखवाड़े के पहले दिन कल "स्वस्थ

नारी सशक्त परिवार” के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर लगाया गया। साथ ही पोषण अभियान के तहत प्रदर्शनी भी लगाई गई। विदिशा जिला मुख्यालय पर कल स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पर केन्द्रित गतिविधियों के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सीतारामन-आईटीआई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्र, राज्यों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों--आई टी आई को एआई संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में अपग्रेड करने के लिए पूरी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। आज नई दिल्ली में इंडियन फांउडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की वार्षिक संगोष्ठि को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आई टी आई उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपग्रेड किए जा रहे हैं। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि पिछले दो-तीन वार्षिक बजट में सरकार ने श्रम शक्ति को कुशल बनाने के लिए प्रावधान किए हैं।

मौसम

प्रदेश में मानसून की विदाई से पहले बादल जमकर बरस रहे हैं। कल रात भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। भोपाल में 4 घंटे में ढाई इंच बारिश दर्ज की गई, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति देखी गई। रीवा और सतना में पौने 2 इंच बारिश हुई।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

भारत के स्टार भालाफेंक खिलाडी और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा, आज जापान के टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में खेलेंगे। फाइनल शाम चार बजे शुरू होगा।

## समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ जिले के ग्राम माछलिया में कल बस दुर्घटना में सात वर्षीय बच्चे मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

- लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने कल छिंदवाडा जिले के चौरई विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का भूमिपूजन तथा 11 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत के कार्यो का लोकार्पण किया।

- शिवपुरी में कल स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मानस भवन में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

- मैहर में खण्ड एवं जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन आज शासकीय आईटीआई न्यूरामनगर में किया जा रहा है।

--------------